## खबर संक्षेप

### वाटरशेड यात्रा रथ का हुआ आगमन




**पांढुर्ना।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 वाटरशेड विकास घटक अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतू पूरे प्रदेश में वाटरशेड यात्रा अभियान 2025 चलाया जा रहा है। यहां कल 19 मार्च को वाटरशेड यात्रा रथ का आगमन ग्राम जामलापानी में हुआ। यह यात्रा जामलापानी से होते हुए चांगोबा एवं राजडोंगरी में गई। आज इस वाटरशेड यात्रा का समापन ग्राम पिपलपानी में हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष लता तुमडाम, ब्लॉक समन्वयक राहुल पंचेशर, युवराज बारपेटे, अभियंता अभिलाष कारमोरे मौजूद रहे। इस दौरान 175.89 लाख रू. के कार्यों का लोकार्पण तथा 189.28 लाख रू. के अन्य 18 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कस्टम हायरिंक सह कृषक सुविधा केंद्र का लोकार्पण किया जिसका संचालन भोजकुंड फॉर्मर्स प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड पांढुरना के ग्राम पिपलपानी द्वारा किया जाएगा। इसमें खाद, बीज, किटनाशक के साथ संतरा एवं अनाज का व्यवसाय किया जाएगा जिसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा।

### गर्मी शुरू होते ही लड़खड़ाई निगम की पेयजल व्यवस्था

**छिन्दवाड़ाः-** गर्मी के शुरू होते ही जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में पेयजल व्यवस्था लड़खड़ाने लगी है। छिन्दवाड़ा नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्डों में पेयजल को लेकर भयावाह स्थिति निर्मित हो चुकी। परेशान वार्डवासियों ने कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में निगम कार्यालय पहुंचकर पेयजल के स्थाई इंतजाम करने के साथ ही बिजली वार्ड में स्ट्रीट लाइट, बिजली आपूर्ति व मकान टैक्स लिए जाने की मांग की।

### वनरक्षक आवास सूने, तामिया उपवन मंडल के नाकेदारों पर नहीं है अधिकारियों का नियंत्रण

# महुआ बीनने वालों के कारण बढ़ी आगजनी की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया उपवन मंडल की रेंजो में पदस्थ वनरक्षक बनाए गए वनरक्षक आवासों में तैनात रहकर वन संपदा एवं वन प्राणियों की रक्षा की जिम्मेदारी है, लेकिन अपने रेंजर केआदेशों की अनदेखी कर अपने वनरक्षक निवास पर ना रहकर तामिया एवं परासिया में निवास करते हैं। अपने वन क्षेत्र में तभी जाते हैं।

जब उनका आर्थिक स्वार्थ रहता है। चाहे वो अवैध सागौन पकड़ने का मामला हो या फिर वन भूमि की नदियों से रेत का अवैध उत्खनन उसमें पूरे कर्तव्य के साथ ये काम करते हैं क्योंकि उनमें इनको अवैध कमाई होती है, वहीं इन वनरक्षकों पर रेंजरो का भी नियंत्रण नहीं है। उसी के नतीजन वनरक्षक निवास पर न रहकर वन संपदा की रक्षा करने के बजाय हानी करवाने में ज्यादा कर्तव्य निष्ठ साबित हो रहे हैं, अभी होली के पर्व पर भी अधिकांश नाके सूने रहे और जंगल की लकड़ी के रूप में वन संपदा एवं जंगल में आगजनी के कारण विभाग को अनमोल हानि हुई।

जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण घट लिगा के जंगलों में होली के समय लगी आग से प्रकृति के दिए द्वारा दिए गए पौधे नष्ट हो गए हाल ही में महुआ बीनने के लिए लोग जंगल में बेफिक्री से पहुंच तो रहे साथ ही महुआ के नीचे। आग लगाकर सूखे पत्ते जलाने के कारण जंगल में आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। इस तरह मैदानी अमला जंगल में हो रही आगजनी के लिए जिम्मेदार साबित हो रहा है। इन दिनों जंगल में महुआ बीनने वालों की संख्या ज्यादा है और वे महुआ पेड़ो के नीचे आग लगाने में विश्वास रखते हैं, जिस कारण महुआ के आसपास के प्राकृति द्वारा दिए पौधे भी मार रहे हैं, साथ में आगजनी की घटनाएं भी बढ़ रही है, लेकिन रेंजर है कि अपने नाकेदारों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप वन संपदा नष्ट हो रही है।

कहीं-कहीं तो यह भी सुनने मिल रहा है कि नाकेदारो द्वारा चौकीदार के माध्यम से महुआ में हिस्सेदारी की भी चर्चा सामने आ रही है। यदि तामिया उप वन मंडल की रेंज के वनरक्षकों को वनरक्षक आवास पर तैनात नहीं किया गया तो महुआ बीनने वालों के कारण आगजनी की घटनाएं वर्तमान में होती रहेगी एवं वन संपदा को हानि होना तय है।

### सांसद ने 51 टीबी रोगियों को वितरित की फूड बास्केट

# पीएम ने भारत से टीबी की बीमारी को समाप्त करने का संकल्प लिया - बंटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से देश के लगभग सभी जिलों में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र खुले है, जहां लोगों को लगभग 70 प्रतिशत कम मूल्य में जेनरिक दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही है। देश के लोग इन केन्द्रों में पहुँचकर दवाईयां ले रहे है। वहीं हार्ट के मरीजों को पहले स्टैंड डलाने एवं घुटने के मरीजों को घुटना रिप्लेसमेंट कराने के लिए पहले लाखों रूपये खर्च करने पड़ते थे, अब प्रधानमंत्री के प्रयासों से यह खर्च हजारों में लग रहा है। मरीजों को कम दामों में दवाईयां मिलने से देश के लोगों के लगभग 60 हजार करोड़ रूपये बच गए है।

उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जारी किए गए सौ दिवसीय निक्षय शिविर टी.बी. मुक्त भारत 2025 कार्यक्रम के तहत ग्राम सांख में प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त अभियान के तहत निक्षय शिविर अंतर्गत 51 टी.बी. के मरीजों को फूड बास्केट वितरण के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान सांसद श्री साहू ने कहा कि पहले देश में एक मात्र एम्स हुआ करता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से अब हर प्रदेश में एम्स खुल गए है। जहां सैकड़ों मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी की मंशा है कि मध्यप्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुले, जिससे लोगों को बेहतर ईलाज उपलब्ध हो सके। पहले लोगों को ईलाज कराने के लिए विकासखंड या जिला मुख्यालय जाना पड़ता था।

लेकिन अब गांवों में ही डॉक्टर आकर ग्रामीणों का ईलाज कर रहे है। प्रधानमंत्री द्वारा आयुष्मान योजना लागू की गई है जिसमें पांच लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज की सुविधा लोगों को मिल रही है। आयुष्मान योजना का देश के 60 करोड़ लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री साहू द्वारा टी.बी. मरीजों को बास्केट वितरण कर उपस्थित जनसमूह की भारत को टीबी मुक्त बनाने हेतु शपथ भी दिलवाई गई।

# आलू की कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग से मालामाल हुये कृषक विष्णु पवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के परासिया विकासखंड की तहसील उमरेठ के ग्राम गाजनडोह के निवासी श्री विष्णु पिता पंडरी पवार एक साधारण किसान थे। वे परंपरागत रूप से मक्का, गेहूँ, चना और अन्य साग-भाजी की खेती सीमित क्षेत्र में किया करते थे। लेकिन पारंपरिक खेती से उन्हें बमुश्किल 15-20 हजार रुपये प्रति एकड़ शुद्ध आय प्राप्त हो पाती थी। इतनी कम आमदनी में पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाना कठिन हो गया था।

**बदलाव की शुरुआत-** साल 2009-10 में विष्णु पवार ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ₹ड्रिप इरीगेशन योजना₹ की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अपने खेत में इस आधुनिक सिंचाई प्रणाली को अपनाया और विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती शुरू की। इससे उनके खेत की उत्पादन क्षमता बढ़ी, लेकिन पारिवारिक समस्याएँ फिर भी बनी रहीं।

**आलू की कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग से जुड़ा नया अध्याय-** वर्ष 2011-12 में ₹पेप्सिको कंपनी₹ के अधिकारियों से संपर्क हुआ। उन्होंने कंपनी की ATL, FC3 और अन्य आलू की किस्मों की खेती शुरू की। इस साल उन्होंने स्वीटकॉर्न की फसल लेने के बाद अक्टूबर 2024 में FC3 आलू किस्म का रोपण किया। उन्होंने 35 एकड़ जमीन में आलू की फसल लगाई और आधुनिक सिंचाई प्रणाली जैसे ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर का उपयोग किया।

**मेहनत का फल-** इस साल मौसम अनुकूल था, जिससे कृषक श्री विष्णु को बेहतरीन उपज प्राप्त हुई। आधुनिक सिंचाई प्रणाली की मदद से उन्होंने प्रति एकड़ 1.5 टन उत्पादन प्राप्त किया। कुल उत्पादन 2,72,500 किलोग्राम रहा, जिसे उन्होंने पेप्सिको कंपनी को 19 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा।

### युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच 29 मार्च को करेगा प्रतियोगिता का आयोजन

## गजल गायन स्पर्धा में आएंगे प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक चंदन दास





**छिंदवाड़ा।** आगामी 29 मार्च दिन शनिवार शाम को लि में ऐतिहासिक आयोजन अखिल भारतीय गजल गायन प्रतियोगिता तरन्नुम नवाज़ के रूप में होने जा रहा है इस संदर्भ में अधिक जानकारी देते हुए साहित्य, संगीत, संस्कृति को समर्पित संस्था युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में देशभर से चयनित प्रतिभाएं अपनी प्रस्तुति लेकर छिंदवाड़ा ज़लि में उपस्थित होंगी, साथ ही विश्व विख्यात ग़ज़ल गायक चंदन दास प्रतिभाओं के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित होंगे ₹ना जी भर के देखा ना कुछ बात की₹ ऐसी अनेक प्रसिद्ध ग़ज़लों को श्री दास ने अपनी आवाज़ से नवाज़ा है इस आयोजन में विशेष रूप से विविध भारती मुंबई के उद्घोषक यूनुस खान भी उपस्थित रहेंगे। आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों की प्रतिभाएं टॉप 10 चयनित भाग ले रही हैं उक्त आयोजन का उद्देश्य ग़ज़ल गायन विधा से जुड़ी प्रतिभाओं का प्रोत्साहन एवं विधा विशेष का प्रचार प्रसार करना है। प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभाओं को ₹तरन्नुम नवाज़₹ टाइटल से नवाज़ा जाएगा।

### सांसद ने माताजी निर्मला देवी के आश्रम में टेका माथा

**छिंदवाड़ा।** परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी सहज योग ट्रस्ट द्वारा आयोजित माताजी के जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान लिंगा स्थिति आश्रम में पहुँचे सांसद बंटी विवेक साहू ने माताजी के आश्रम में माथा टेककर जिलेवासियों के लिए सुख समृध्दि की कामना की। उल्लेखनीय है कि माताजी निर्मला देवी का 102 वां जन्मोत्सव छिंदवाड़ा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देशभर के सहजयोगियों के अलावा लगभग नौ अन्य देशों के सहजयोगी भी छिंदवाड़ा पहुँच रहे है। माताजी निर्मला देवी का 102 वां जन्मदिवस 21 मार्च को मनाया जाएगा।

### कलेक्टर ने की हिट एंड रन मामलों की समीक्षा

**पांढुर्ना।** हिट एंड रन मामलों में दावों अथवा इसके मंजूरी के संबंध में कलेक्टर पांढुर्ना की अध्यक्षता में आज एक बैठक संपन्न हुई। ज्ञात हो कि इस संबंध में समीक्षा समिति की मॉनिटरिंग समीक्षा बैठक 25 मार्च जिला न्यायालय छिंदवाडा में आहूत की गई है। आज की बैठक में वर्ष 2024-25 में पांढुर्ना जिले में हुए हिट एंड रन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि प्रकरणों के दावों की मंजूरी हेतु तहसीलदार पांढुर्ना को 13 प्रकरण प्रेषित किए गए थे जिसमें से 2 प्रकरण स्वीकृत किए गए है। शेष 11 प्रकरणों में पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर आवदकों से संपर्क दो दिनों में प्रकरणों को स्वीकृत किए जाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा हिट एंड रन प्रकरणों से संबंधित विभाग प्रमुखों से अपेक्षा की गई कि वर्ष 2024 एवं 2025 के दौरान हिट एंड रन प्रकरणों का गंभीरतापूर्वक निराकरण करते हुए अपने अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत ऐसे मामले जो ज्ञात, अज्ञात और विवेचना में है उनका पृथक से अवलोकन कर समयावधि में निपराकरण करने भी निर्देश जारी किए गए।



### कोक भट्टा के पास सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ



**जुन्नारदेव :** मुख्यमंत्री के आव्हान पर सार्वजनिक हित में राहगीरों के लिए म प्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन जी ब्लॉक समन्वयक संजय बामने के मार्गदर्शन में क्षेत्र की सभी क्षेत्रों में सक्रियता के साथ भागीदारी करनेवाली नवांकुर संस्था स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास खापास्वामी समिति द्वारा आवागमन करने वाले को पीने के पानी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कोक भट्टा के पास सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पक्षियों के लिए पानी के लिए कटोरे लगाकर पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था की गई। जिसमें उपस्थित स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष कोषाध्यक्ष एवं सदस्य आदर्श ग्राम के प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सचिव सहसचिव सभी उपस्थित थे।

### भाजपा की बूथ समिति की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिलावरखुर्द के बूथ क्रमांक 176 ओर 177 की बूथ समिति के पदाधिकारियों और भाजपा जनों की बैठक नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने केंद्र ओर राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनों से आम नागरिकों को होने वाले लाभ गिनाए ओर सब को साथ मिलकर भाजपा को मजबूत करने की बात कही। बैठक में भाजपा नेता संजय जैन ने भी संबोधित करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने को कहा। इस दौरान शक्ति केंद्र के प्रभारी श्री संजय जैन जी,संयोजक भूलन यदुवंशी जी, सरपंच शंभु सरयाम, बूथ अध्यक्ष संतलाल भारती, अनिल यदुवंशी, महामंत्री सतीश , बीएलए करण चंचल सहित बूथ समिति के सदस्य ओर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नरवाई जलाने वालों पर की जाएगी कार्यवाही

### नरवाई प्रबंधन के लिये जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आज जिला पंचायत छिंदवाडा के सभाकक्ष में नरवाई प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा कार्यशाला में उपस्थित मैदानी अमले को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों को नरवाई प्रबंधन के उपाय बताये जायें एवं नरवाई प्रबंधन के उन्नत कृषि यंत्रों के वीडियो क्लिप बनाकर अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचायें।

उन्होंने जिला प्रशासन, कृषि विभाग, कृषि अभियांत्रिकी के द्वारा नरवाई प्रबंधन क्षेत्र में किये गये प्रयास को सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे द्वारा उपस्थित कृषि अधिकारियों के माध्यम से किसानों से अपील की गई कि नरवाई में आग न जलाये एवं इसका उचित प्रबंधन करते हुए कृषि लागत को कम करें। साथ ही कहा कि यदि कोई नरवाई में आग लगाता है तो उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। सहायक कृषि यंत्री छिंदवाडा श्री समीर पटेल द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नरवाई जलाने के दुष्परिणाम और नरवाई प्रबंधन के बेहतर विकल्प पर विस्तृत जानकारी दी गई।

उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मैदानी अमले को गेहूं फसल कटाई के बाद उचित नरवाई प्रबंधन के लिये किसानों को जागरूक करने के लिये निर्देशित किया गया। साथ ही सुपर सीडर/हैप्पी सीडर कृषि यंत्र से गेहूं फसल कटाई के बाद खेत में बचे शेष फसल अवशेषों का प्रबंधन कर भूमि उर्वरकता बढाने के साथ ही आगामी फसल की सीधी बोनी के फायदे के संबंध में किसानों को समझाईश देने की बात कार्यशाला में की गई।

# पदोन्नति को लेकर तृतीय कर्मचारी संघ करेंगे आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ इन दिनों आंदोलन की तैयारी में है। संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर इंगले ने म.प्र. शासन से मांग की है कि जिस प्रकार सरकार ने विधि एवं विधाई कार्य विभाग में तृतीय श्रेणी के 48 एवं चतुर्थ श्रेणी के 30 कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की है उसी प्रकार शासन के समस्त विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू की जाए।

कर्मचारी संघ का कहना है कि सरकार ने वर्ष 2016 से पदोन्नति नहीं की है। लगभग एक लाख से अधिक कर्मचारी एवं अधिकारी बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो चुके है। संघ ने 8 साल से रूकी हुई पदोन्नति किए जाने की मांग शासन से की है।

### नवीन सामुदायिक भवनों का निर्माण की स्वीकृति

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छिंदवाड़ा जिले में नवीन सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए 685 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में नवीन सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत अमरवाड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र में खकराचौरई (पिंडरई डबीर), खामीहीरा, गुरैया, पलनिया और छुई में सामुदायिक भवनों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। चौरई क्षेत्र के धनौरा, आमाबोह (जुरतला), औरिया (सीताझिर), सिमरिया कलां, गुमगांव, झिरिया, पालादौन, फुटेरा (हरदुआमाल) और नवेगांव मकरिया (पलखाड़ा) में भी सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है।

### पुलिस कंट्रोल रूम में अपराधों की हुई समीक्षा बैठक



**छिंदवाड़ा।** पुलिस नियंत्रण कक्ष छिन्दवाड़ा में पुलिस अधीक्षक अजय पांडे व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) तथा थाना प्रभारियों की उपस्थिति में जिले में गंभीर/चिन्हित अपराधों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की विस्तृत समीक्षा करते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नवीन माइक्रो बीट प्रणाली जैसे इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई तथा प्रकरणों की विवेचना में आने वाली समस्याओं के निवारण के मुद्दों पर विस्तृत दिशा निर्देश देते हुए समस्त अधिकारियों को प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया ।

### कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

# कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर डेटा अपडेट न करने पर दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई।

इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर और प्रभावी ढंग से किया जाए ताकि लाभार्थियों को समय पर सुविधाएं मिल सकें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के.शास्त्री, सिविल सर्जन डॉ नरेश गोन्नाडे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एल.एन. साहू, जिला क्षय अधिकारी डॉ.अर्चना कैथवास, एस.एन.सी.यू. नोडल अधिकारी डॉ.अशु लंबा, जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी डॉ.प्रमोद वासनिक, उप जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी श्रीमति यशोदा वाघमारे एवं सभी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी तथा विकासखंडों के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीएम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ.हेमन्त छेकर तथा सीडीपीओ उपस्थित थे।

**गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन और एनीमिया की पहचान पर विशेष जोर-** बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन और उनमें एनीमिया की पहचान पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए ताकि उनकी गर्भावस्था के दौरान सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर प्रदान की जा सकें।

उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के मामलों की प्राथमिकता से पहचान की जाए और उनके उचित उपचार की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में पोषण ट्रैकर के डेटा को नियमित रूप से अपडेट न करने के पर चौरई सीडीपीओ को कलेक्टर श्री सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर का डेटा समय पर अपडेट होना अत्यंत आवश्यक है ताकि बच्चों और महिलाओं की पोषण स्थिति पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के वजन, लंबाई और पोषण स्तर की नियमित जांच कर रिपोर्ट तैयार की जाए।

## शहर के युवा व्यापारियों ने सम्हाला मोर्चा, कहा दमुआ को तहसील बनवाने के लिए घर घर पहुँच चलाएंगे हस्ताक्षर अभियान

# दमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा दिए जाने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शहर के व्यापार की नाजुक स्थिति से हलाकान हो चुके गैर राजनीतिक युवा व्यापरियों ने मंगलवारदमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा दिए जाने की मांग के साथ निकाय के सीएमओ, नपाध्यक्ष,और नायब तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौपा । ज्ञापन में व्यापरियों ने कहा है कि क्षेत्र की कोयला खदानें बन्द हो चुकी है ।और यहाँ अब किसी तरह का उद्योग अथवा रोजगार के साधन नही है ।हालात ऐसे है कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह से आसपास के ग्रामीणों पर टिकी हुई है ।शहर में ग्रामीणों के आने से व्यापारियों की बोहनी हो पाती है वरना दिन भरते ही बीतता है ।इन हालातों के बीच इन युवा व्यापरियों ने दमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा दिए जाने की मांग प्रदेश सरकार शासन और प्रशासन से की है ।शासन के हिस्से के रूप में इन्होंने आज नपाध्यक्ष दमुआ और सीएमओ के नाम तथा प्रशासन तक अपनी बात पहुँचाने के लिए नायब तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा । युवा व्यापारियों ने यह भी कहा कि हम टप्पा तहसील से दमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाने के लिए शहर और क्षेत्र के घर घर तक पहुँच कर हस्ताक्षर अभियान चला रहे है ।अभी शहर के ढाई सौ से ज्यादा लोगो ने इन्हें अपना समर्थन दिया है । युवा व्यापारियों का कहना है कि दमुआ के पूर्ण तहसील बनने से आसपास की 50 से ज्यादा पंचायतों के रहवासियों को राजस्व समेत सभी शासकीय कार्यो को निपटाने में सहूलियत मिलेगी । लोगो शोषण से बचेंगे उन्हें समय पर न्याय मिलेगा ।बॉक्स मैटरसन 2003 में बनी थी



दमुआ टप्पा तहसील ,2008 में की गयी थी पूर्ण तहसील बनाने की घोषणादुर्गम और कई लगभग पहुँच विहीन गाँवो को अपने मे समेटे लंबे चौड़े भौगोलिक क्षेत्र को देखते हुए कार्य विभाजन के नज़रिए से दमुआ को सन 2003 में टप्पा तहसील बनाया गया था । इस उम्मीद से कि इसके उत्तर में 40 कि मी दूर के गांवों कुकरपानी आलमोद दक्षिण में45 क़ि मी पर बसे नवेगांव और पश्चिम में लगभग 30 किमी दूर बसे टेक़ाढाना क्षेत्र के गरीब आदिवासी रहवासियो को इससे कुछ राहत मिलेगी ,सस्ता सुलभ न्याय मिलेगा ।शुरुआती दौर में इस टप्पा तहसील से राजस्व निरीक्षक मण्डल दमुआ सहित नवेगांव क्षेत्र की भी कुछ पंचायतों और उनके आश्रित गाँवो का भी नियंत्रण दमुआ टप्पा तहसील से ही होता था लेकिन अब शासन की मंशा के अनुरूप नवेगांव सर्किल की 27 पंचायतों को भी तहसील स्तर से ही नियंत्रित करने की कवायद हो रही है । खबर है कि जुन्नारदेव तहसील की तीन सर्किलों दमुआ नवेगांव और जुन्नारदेव के गाँवो के राजस्व सम्बन्धी मामले सर्किल स्तर पर ही निपटाए जा रहे है ।तत्कालीन राजस्व और प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने जुलाई सन 2008 मे दमुआ को तहसील बनाने की घोषणा की थी ।उस समय वे दमुआ में 621.18 लाख की लागत से बने कांगला जलाशय के शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित हुए थे ।इसी समय अपने उद्बोधन में उन्होंने दमुआ टप्पा तहसील को तहसील बनाने की घोषणा की थी ।इस खास घोषणा के अलावा उस समय उन्होंने क़र मोहिनी के तत्कालीन सरपंच चंदरसिंग अटकोम की जांच और कन्हान की प्रस्तावित कोयला खदाने हर्राडोल शारदा और भाखरा को शुरू करने में वन विभाग की अनापत्ति दिलवाने की भी बात कही थी ।कार्यक्रम में तत्कालीन विधायक झनक लाल ठाकुर रामदास उइके बैतूल के हेमन्त खंडेलवाल भी उपस्थित थे ।दमुआ के तहसील बनने से फायदे दमुआ के तहसील बनते ही अन्य कई विभागों के मुख्यालयों क़ा संचालन यहाँ से हो सकेगा ।शासन का बड़ा अधिकृत अधिकारी यहाँ हमेशा उपलब्ध रह सकेगा ।वर्तमान में जारी अवैध धंधों पर अंकुश लगाने के प्रयास कारगर साबित होंगे ।शासकीय राजस्व बढ़ेगा ।।लोगों को न्याय और राजस्व सम्बन्धी मामलों को सुलझाने में बडी मदद मिलेंगी लोग शोषण से बच सकेंगे ।नामांतरण बंटवारा फौती नामान्तरण अवैध कब्जा जैसे कामो के अलावा सारे प्रमाणपत्रों यहाँ से जारी हो सकेंगे ।

### इनका कहना है

हम लोग दमुआ को पूर्ण तहसील के दर्जा दिलाने का प्रयास कर रहे है । सितम्बर 2018 में सीएम श्री चौहान को पत्र भी दिया था जिस पर उन्होंने कलेक्टर छिंदवाड़ा को दमुआ को पूर्ण तहसील गठित करने का लिखित आदेश दिया था ,लेकिन ऐन वक्त पर अचार संहिता लगने से यह काम नही हो पाया ।अब दमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाया जाएगा ।

**नत्थन शाह कवरेती पूर्व विधायक जुन्नारदेव**

क्षेत्र का प्रतिनिधि होने के नाते दमुआ को पूर्ण तहसील के दर्जा दिलाना ,और इसे विकासखण्ड बनाना मेरी प्राथमिकताओं में है ।इस सम्बंध में अपनी बात विधानसभा पटल पर भी रखी है । सरकार के उत्तर का इंतजार है ।

**सुनील उइके विधायक जुन्नारदेव**

## पांचवी टेकड़ी पर बना रहे मंदिर निर्माण कार्य का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर की छिंदवाड़ा मार्ग शिवराम पांचवीं टेकड़ी पर 12 ज्योतिर्लिंग के बाद में अब भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनाने की समिति की संकल्पना है। समिति के द्वारा निरंतर यहां पर विकास कार्यों के साथ ही ईश्वरीय की प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है।गुरुवार को टेकड़ी पर बनने वाले मंदिर निर्माण को लेकर समिति के पदाधिकारी सदस्यों एवं आर्किटेक्ट की टीम के द्वारा मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया।इस दौरान जिला



भाजपा अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड़, भाजपा नेता इंदरचंद डागा, नरेश गोयल,इंजीनियर नितिन बागानी आदि थे।

### सिदपुर के किसानों को मिल रही है मात्र 4 घंटे बिजली:एड ढोबले

**सौंसर।** इन दोनों ग्राम सिंदपुर में किसानों के खेतों में बने मकान एवं कोठे घर में सिंगल फेस विद्युत 24 घंटे नहीं मिलने को लेकर किसान परेशान है। बीते दिनों ग्राम सिंदपुर के ग्रामीणों के द्वारा अधीक्षण यंत्री मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में ज्ञापन सौपकर कर 24 घंटे बिजली प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन में एड देवेंद्र ढोबले ने बताया की ग्राम सिंदपुर कोपरावाडी एवं बानाबकोड़ा गागतवाड़ा तथा अन्य गांव में अनेक किसानों के खेत है,जिसमें कई किसान अपने खेतों में परिवार सहित निवास करते हैं,कई किसानों के खेतों में मवेशी कोठे बधे रहते है। रात के समय में केवल 4 घंटे बिजली इन खेतों में बने मकानों एवं कोठों में की जाती है।चुकी ग्रामीण क्षेत्र में 10 घंटे बिजली प्रदान करने का नियम होने के बाद भी किसी भी समय विद्युत सप्लाई को खंडित कर दिया जाता है, जिस कारण किसान अपने खेत में अंधेरे में निवास कर रहे हैं,तथा उनके बच्चे बेल जानवर अंधेरे में रहते हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जंगली जानवरों ने कई गाय बैलों का खेतों में शिकार किया है। अंधेरे और नियमित विद्युत सप्लाई नहीं होने के चलते बड़े-बड़े सांप बिच्छू एवं जीव जंतु किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसी स्थिति में मध्य प्रदेश शासन की घोषणा के अनुरूप सभी को 24 घंटे बिजली प्रदान की जानी चाहिए, किंतु किसानों के साथ में क्षेत्र में अन्याय किया जा रहा है जिसके कारण किसानों के जान माल का खतरा बना हुआ है। कोप्रवादी फीडर एवं अन्य फीडर में खेतों में बने कोठी तथा मकान में सिंगल फेस 24 घंटे बिजली पैदा की जाने की व्यवस्था मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी एवं प्रशासन ने बनानी चाहिए।

## नाना मोहोड़ ने की पंचायत मंत्री प्रल्हाद पटेल से भेंट

**सौसर।** गुरूवार को पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड द्वारा प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रल्हाद पटेल से भेट करते हुये विकासात्मक कार्यो में सहयोग करने हेतू प्रस्ताव भेट किये। पूर्व मंत्री नाना मोहोड ने बताया कि, सौसर विकासखंड की 59 ग्राम पंचायत एवं मोहखेड विकासखंड की 79 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन की स्वीकृति दिलाने हेतू मांग पत्र सौपा। जिसपर श्री पटेल द्वारा विभागीय तौर पर प्राकलण तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतू अधिकारी को निर्देषित किया गया। इसके अलावा मंत्री प्रल्हाद पटेल द्वारा केन्द्र सरकार में मंत्री रहते हुये जल जीवन मिषन के तहत स्वीकृत किये गये कार्यो प्रगति के बारे में भी चर्चा की। सौसर क्षेत्र की पंचायत स्तर के विकास कार्यो की भी जानकारी ली।



## 23 को महा प्रसाद के साथ होगा वर्धापन दिवस महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

सौसर तहसील महानुभाव मंडल की ओर से तहसील स्तरीय श्री कृष्ण मंदिर वर्धापन दिवस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंडल से मिली जानकारी के अनुसार 17 मार्च से शुरू हुई है आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम श्री कृष्ण मंदिर बेरडी रोड सौसर में संपन्न हो रहे हैं।महोत्सव का शुभारंभ देवास मंगल स्नान ध्वजारोहण दीप प्रज्वलन पोतनी निरूपण एवं मध्यान्ह पूजा अवतार आरती के साथ किया गया, आयोजन के दौरान प्रतिदिन पोथी निरूपण का वाचन प पु ई श्री सारंग दादा तलेगांवकर के द्वारा किया जा रहा है।22 मार्च को सामूहिक प्रायश्चित विधि सुबह 5 बजे संपन्न की जाएगी। वही श्रीमूर्ति एवं बाल भव्य पालखी यात्रा, श्री पंच कृष्णमूर्ति पालकी शोभायात्रा का आयोजन होगा पालकी यात्रा श्री



कृष्ण मंदिर सौसर से नगर भर्मण करते हुए कृष्ण मंदिर में समापन होगा, इस दौरान पालकी यात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर फूलों का वर्षण कर स्वागत सत्कार होंगा, पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से विभिन्न समितियां के पदाधिकारी सदस्यों के साथ में भजन मंडलियों का भी समावेश रहेगा, कार्यक्रम का समापन रविवार 23 मार्च को गीता पाठ दीप प्रज्वलन धर्म सभा एवं महाप्रसाद वितरण के साथ में होगा,धर्म सभा प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य रूप से परम पूजनीय श्री शाहपुर कर बाबा उपाख्य गोवर्धनमुनि, प पु श्री दिनकर मुनि दादा अकुलनेरकर,प पु श्री सागवीकर बाबा,प. पु.सनातन मुनी, के साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम ठाकरे, विधायक विजय चौरे, जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड रहेंग।

## कल्याणी महिला जाग्रति संघ ने रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कल्याणी महिला जागृति संघ किरनापुर एवं विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह माता मंदिर में रखा गया देश में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी बजरंग दल गौ रक्षा संगठन के सभी भाई बहनों एवं बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राधा कृष्ण की सजीव झांकी का पूजन अर्चन एवं स्तुति आरती कर किया गया बहनों द्वारा फागुन गीत गाए गए धार्मिक प्रतियोगिता का आयोजन में सभी ने भाग लिया। विजेताओं को इनाम दिया गया। रंग लगाकर सभी ने एक दूसरे को रंगों से की बधाई दिया सुश्री नलिनी शुक्ला जो समस्त कार्यक्रम के संचालिका है उन्हें अखिल भारतीय मातृशक्ति गुरु बजरंग संघ की जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जो कि अयोध्या राम मंदिर से संबंधित है उनका संगठन द्वारा तिलक कर श्री राम नाम दुपट्टा से स्वागत वंदन कर बधाई दी गई। अंत में संघ की सचिव श्रीमती विवाह शुक्ल द्वारा आभार व्यक्त किया गया प्रसादी वितरण कर समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सीमा शुक्ला अध्यक्ष उमेश्वरी गोस्वामी बिंदेश्वरी हुकरे भावना पाराशर दिनेश्वरी वंशपाल सुधा शुक्ला परिपूर्वा वंशपाल विहत से लेखराम खरे जिला धर्माचार्य श्री मुकेश ठाकरे प्रखंड मंत्री ओम प्रकाश कावरे खंड अध्यक्ष राजगांव बलिराम पाच दिलीप घाटे राहुल परिवार एवं सारंगपुर परिवार का विशेष योगदान रहा।

## किसानों ने खेती का बदला स्वरूप, गन्ने की बजाए लगा रहे धान

# सरकार से झटका मशीन मांग रहे किसान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल के दर्जनों गांवों के गन्ना उत्पादक किसानों का अब गन्ने की पैदावार से धीरे-धीरे मोहभंग हो रहा है. जबकि कुछ सालों पहले तक यहीं गन्ना उत्पादक किसान पठार अंचल में शुगर फैक्ट्री शुरू करवाने की मांग कर रहे थे ताकि क्षेत्र में रोजगार का एक नया साधन बने और गन्ना उत्पादक किसानों को फसल का वाजिब दाम मिलें. मगर, अब यह किसान गन्ने की बजाए साल में दो बार धान की पैदावार कर रहे है. इसमें किसानों को भले ही गन्ने की अपेक्षा कम मुनाफा मिल रहा है. मगर, वह धान की अच्छी फसल को लेकर बेफ्रिक रहते है. दरअसल, गन्ने की पैदावार से मोहभंग होने के पीछे कई वजह है लेकिन मुख्य वजह वन्य प्राणी जंगली सुअरों का खेतों में आतंक होने बताया जाता है. किसानों ने बताया कि जंगली सुअर खेतों में आकर जमकर उत्पात मचाती है. जिससे काफी नुकसान होता है और इस नुकसानी का उचित मुआवजा भी नहीं मिलता. किसानों की माने तो वन्य प्राणियों को खेतों से दूर रखने के लिए कई तरह से प्रयास भी किए जाते है परंतु कोई भी उपाय कारगार साबित नहीं हो पाया है. वह बताते है कि खेतों के आस-पास तार की फेंसिग से लेकर पुरानी साड़ियों की सहायता से खेत को कवर करने से लेकर फटाखे फोड़कर वन्य प्राणियों से गन्ने की फसल को बचाने की हरसंभव कोशिश की जाती रही है परंतु यह तमाम कोशिशें केवल खानापूर्ति ही साबित हुई है।

किसानों को कहना है कि खेतों में झटका मशीन लगाकर गन्ने की फसल को बचाया जा सकता है. मगर, किसान स्वयं इस मशीन का व्यय नहीं उठाया चाहते बल्कि पर सरकार से मशीन मिलें यह उम्मीद कर रहे है. गन्ना उत्पादक किसानों का कहना है कि मौजूदा वक्त में जंगली सूअरों के आतंक से गन्ना उत्पादक किसान धान की खेती की रुख कर रहे है. अगर सरकार झटका मशीन प्रदान करती है तो किसान शायद फिर से गन्ना उत्पादन में रुचि दिखा सकते है. गन्ने की खेती से मोहभंग होने की दूसरी वजह अधिक मेहनत और वर्ष में एक ही बार फसल उत्पादन होना भी है जबकि धान की फसल वर्ष में दो बार ली जा रही है. पठार अंचल के ग्राम आंजनबिहरी, गोरेघाट, महकेपार, बड़पानी, बोनकट्टा, कोसुंबा, हरदोली, पुलपुट्टा, अंबेझरी, कुड़वा सहित अन्य गांवों के किसान बड़ी संख्या में अब गन्ने की जगह पर धान का उत्पादन कर रहे है।



### इनका कहना है-

झटका मशीन का तो कोई प्रावधान नहीं है ऐसी जानकारी मिली थी कि सरकार जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों के ऐसी फेंसिंग तैयार करने की योजना बना रही है जिससे वन्य प्राणी खेतों में प्रवेश ना करें लेकिन इसकी पुरी तरह से पुष्टि नहीं हो पाई है।

**एच.सी.डहेरिया**
**कृषि विस्तार**
**अधिकारी कटंगी**

वन्य प्राणियों के द्वारा अगर खेतों में फसल को नुकसान पहुंचाया जाता है तो इसके लिए विभाग की तरफ से मुआवजे का कोई प्रावधान तो नहीं है राजस्व विभाग की टीम के साथ सर्वे जरूर किया जाता है।

**बी.एल.चढ़ार**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी**
**कटंगी**

## किरनापुर में मनाया गया वीरांगना रानी अवंति बाई का 167वां बलिदान दिवस



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

20 मार्च को अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी का 167 वां बलिदान दिवस किरनापुर के रानी अवंति चौक किरनापुर मे मनाया गया जहां सर्वप्रथम प्रातः 10.00 बजे पूजा अर्चना के साथ उपस्थित महानुभावो ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की एवं प्रसाद वितरण किया। इसके साथ ही उपस्थित वक्ताओं द्वारा रानी अवंति बाई लोधी के बलिदान, साहस और उनके शौर्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान में मुख्य रूप से कल्याण सिंह राणा अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर ,लोधी क्षत्रिय महासभा जिला उपाध्यक्ष चुमेश लिल्हारे,लोधी क्षत्रिय महासभा किरनापुर अध्यक्ष प्रमोद पिछोड़े,लक्ष्मण सिंह कुराहे,धनीराम लिल्हारे, दुर्जन सिंह लिल्हारे,चंदन कालबेले,जीवन लाल पिछोड़े, महेश सुलाखे,गणपत बिरनवार,राधेश्याम ढेकवार राकेश उपवंशी, विजय लिल्हारे ,डोमेश लिल्हारे , ओम लिल्हारे , ओजस्वी लिल्हारे एवं सभी स्वजातीय बन्धु बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## जनपद उपाध्यक्ष अवसरे के इशारो पर हो रही है जांच में लीपापोती: रीता रावते

# उपसरपंच की शिकायत पर भ्रष्टाचार की जांच करने ग्राम मोहझरी पहुंचा जांच दल



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहझरी में चल रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच की शिकायत के उपरांत 20 मार्च को जनपद पंचायत लांजी से जांच टीम ग्राम मोहझरी पहुंची। परंतु जांच टीम के द्वारा किये जाने से शिकायतकर्ता उपसरपंच श्रीमती रीता रावते उससे भी असंतुष्ट नजर आई। उन्होने जांच टीम पर सवाल उठाते हुए कहा जिन अधिकारियों द्वारा जांच की गई है वह सभी जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे के कहने पर जांच करने आए है। क्योंकि जिस तरह की जांच अधिकारियों द्वारा की गई है वह मात्र लीपापोती है। मेरे द्वारा शिकायतों पर किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। जबकि ग्राम पंचायत में जो निर्माण कार्य चल रहे है उनमें सरपंच-सचिव द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मेरे द्वारा निर्माण कार्यों के लिये लाये जा रहे सामानों की राशि के संबंध में बिल बाउचर मांगे गए परंतु सरपंच सचिव द्वारा मुझे कोई भी बिल बाउचर उपलब्ध नहीं कराए गए। इसके साथ ही जो भी निर्माण कार्य कराये जा रहे है उनमें भी भ्रष्टाचार की सीमाएं लांघ दी गई है। उपसरपंच श्रीमती रीता रावते का कहना था की जनपद पंचायत लांजी से जो जांच टीम ग्राम पंचायत मोहझरी पहुंची थी उन्होने नाली निर्माण की गुणवत्ता देखकर भी उसे अनदेखा किया और उक्त नाली के मटेरियल को भी अपने साथ लेकर नहीं गए और कहा की मटेरियल जांच करने की कोई मशीन नहीं होती। श्रीमती रावते ने कहा जांच टीम के अधिकारियों के रवैये से ऐसा प्रतीत होता है की वे सिर्फ जांच के नाम पर खानापूर्ति करने ग्राम पंचायत पहुंचे थे। उन्होने कहा जांच टीम द्वारा सात दिनों के अंदर अपनी जांच रिपोर्ट देने की बात कही है परंतु उक्त जांच से ऐसा कहीं भी नहीं लग रहा है जांच में सच्चाई सामने आएगी। श्रीमती रावते का इस पूरे मामले में यह कहना है की जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष अजय अवसरे द्वारा मुझसे राजनीतिक द्वेष रखते हुए मेरी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिये जांच टीम द्वारा आज ग्राम पंचायत मोहझरी में जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है।

## एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही नहीं किए जाने पर दी आंदोलन की चेतावनी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# रानी अवंतीबाई के पोस्टर फाड़े जाने पर आक्रोशित हुए अवंती साधना मंच के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर के सालेटेकरी रोड स्थित रानी अवंती बाई स्टेडियम में रानी अवंती बाई के पोस्टर फाड़े जाने को लेकर अवंती साधना मंच के पदाधिकारियो में जमकर आक्रोश देखा जा रहा है और इसी को लेकर आज 20 मार्च को एक बैठक आयोजित की गई तथा पोस्टर फाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया। उल्लेखनीय है कि 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर नगर के सालेटेकरी मार्ग स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम के सामने स्थापित रानी अवंती बाई के प्रतिमा के समक्ष अवंती साधना मंच के द्वारा बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसको लेकर अवंती साधना मंच के द्वारा एक बैनर पोस्टर जिसमें रानी अवंती बाई लोधी के चित्र तथा मंच के पदाधिकारियों, सदस्यो के चित्र के साथ बैनर स्टेडियम लगाया गया था 19 मार्च को दोपहर 12 बजे यह पोस्टर लगाया गया तथा कुछ ही देर में असमाजिक तत्वों द्वारा उक्त बैनर में लगी रानी अवंती बाई लोधी तथा मंच के अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया, उपाध्यक्ष खेमराज मच्छिरके के फोटो के साथ निंदनीय कृत्य किया गया। जिसमे उनके चेहरे काटे गये है। रानी अवंती बाई लोधी का चेहरा, उनके अश्व का चेहरा तथा अध्यक्ष ऋषि पटेल एवं उपाध्यक्ष खेमराज मच्छिरके का चेहरा काटा गया है। इस घटना के बाद से ही अवंती साधना मंच के पदाधिकरियों में एवं समाज में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि इस प्रकार का निदंनीय कृत्य किसके द्वारा किया गया है। यह भी विषय चर्चाओ में रहा कि व्यक्तिगत द्वेष भावना किसी पदाधिकारी के साथ हो सकती है लेकिन हमारे समाज की गौरव वीरांगना साथ इस प्रकार का कृत्य करना समझ से परे है। इस संपूर्ण मामले की जांच होनी चाहिये कि किसके द्वारा यह निंदनीय कृत्य किया गया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे अवंती साधना मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि 20 मार्ग जो कि वीरांगना अवती बाई लोधी रानी का बलिदान दिवस होता है, जिसे अवंती साधना मंच लांजी द्वारा गौरव दिवस के रूप में क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष इसका संक्षित आयोजन नगर के 'वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में किया जाना सुनिश्चित किया गया। जिसके तारतम्य में 19 मार्च को दोपहर 12 बजे स्टेडियम के मुख्य द्वार के उपरी हिस्से पर एक होडिग मंच द्वारा लगवाई गई। शाम लगभग 3 बजे के आस पास जब लोगों की नजर पड़ी तो होर्डिंग पर वीरांगना का सिर, घोडे का सिर, के साथ अध्यक्ष और उपाध्यक्षा का सिर कटा हुआ पाया गया। जिस सफाई से इन्हें काटा गया है उसे देखकर लगता है कि उक्त घटना किसी धोखे, अनजाने या लापरवाही में घटित नहीं हुई है बल्कि असामाजिक तत्वों द्वारा जान बूझकर कारित की गई है। ₹अवंती साधना मंच₹ अपने वंश शिरोमणि व नेतृत्वकर्ताओं का अपमान बर्दास्त नहीं करेगा। इन उपद्रवियों द्वारा न केवल समाज की बल्कि उस वीरांगना को अपमानित किया है जिसके शौर्य से यह देश आजाद हुआ है। जिसके लिये इस प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ राजद्रोह का अपराध पंजीबद्ध कर दंडित करने का आग्रह किया गया है।



### खबर संक्षेप



## चित्रगुप्त मंदिर निर्माण समिति का हुआ गठन, अध्यक्ष बनाए गए डॉ प्रफुल्ल श्रीवास्तव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भगवान चित्रगुप्त महाराज के मंदिर निर्माण समिति के गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें अध्यक्ष चीकू सक्सेना, सभी पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों द्वारा सहमति से मंदिर निर्माण समिति के लिए अध्यक्ष डॉ. प्रफुल्ल श्रीवास्तव, उपाअध्यक्ष राज सक्सेना एवं सचिव शिरीश वक्शी को बनाया गया है। उक्त बैठक में सदस्य रमेश श्रीवास्तव, दुर्गाशंकर श्रीवास्तव,शैलू सक्सेना (ऐडव्होकेट), योगेश व्यवहार (ऐडव्होकेट), श्री प्रतीश वक्शी, श्री डॉ. राजू श्रीवास्तव, श्री शैली शैलेन्द्र श्रीवास्तव (बौस आर्ट) उपस्थित रहे।

## कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास भोपाल में विधायक रजनीश ने खेली होली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भोपाल स्थित निवास पर होली मिलन समारोह में विधायकों एवं कांग्रेस परिवारजनों के साथ



शामिल रंग पंचमी के शुभ अवसर पर बड़े ही उत्साह के साथ होली खेली। सर्वप्रथम विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को रंग गुलाल लगाकर होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी, तदोपरांत विधायक रजनीश हरवंश सिंह जी ने होली मिलन समारोह के आयोजन में उपस्थित होकर विधायकों एवं कांग्रेसजनों के साथ मिलकर फाग एवं होली गीत गाया। रंग पंचमी केवल रंगों का उत्सव नहीं, यह जीवन में उमंग, प्रेम और सौहार्द के रंग भरने का अवसर है। आइए, इस शुभ अवसर पर आनंद और भाईचारे के रंग बिखेरें और उत्साह से जीवन को सराबोर करें। 19 मार्च 2025 को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने भोपाल में नेता प्रतिपक्ष भैया उमंग सिंघार जी के भोपाल स्थित निवास पर होली मिलन समारोह में विधायकों एवं कांग्रेस परिवारजनों के साथ शामिल रंग पंचमी के शुभ अवसर पर बड़े ही उत्साह के साथ पुष्प होली खेली।

## मऊगंज नृशंस हत्याकांड, सभ्य समाज के समक्ष गंभीर चुनौती है-पं.दिलीप तिवारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विगत 15 मार्च को रीवा/ सतना के मऊगंज गडर गांव में, अराजक तत्वों द्वारा गांव के युवक सनी दुबे को बंधक बनाकर उसकी पीट पीट कर नृशंस हत्या करना, तथा स्थानीय पुलिस टीम पर हमला कर ए एस आई रामचरण गौतम की हत्या करना ,अमानवीय वहशीपन की पराकाष्ठा है। उक्त गांव के अराजक तत्वों द्वारा गांव के युवक की पीट पीट कर हत्या करना तथा उसे छुड़ाने पहुंची पुलिस टीम पर भी जानलेवा हमला करना, कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

इस घटना पर गहरा क्षोभ और चिंता व्यक्त करते हुए जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित दिलीप तिवारी, संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्य -पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पंडित ओमप्रकाश तिवारी ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि ,इस तरह की हिंसक अराजक अपराधिक प्रवृत्ति को जातिगत भावना से परे, मानवता के लिए गंभीर चुनौती के रूप में देखा जाना चाहिए। जिसकी लाठी उसकी भैंस जंगल का कानून है। सभ्य समाज में इसकी कोई जगह नहीं है। सभी स्तर पर इस हत्याकांड की घोर निंदा की जानी चाहिए। जिला ब्राह्मण समाज सिवनी द्वारा इस हत्याकांड की भर्तसना करते हुए, अकाल मृत्यु प्राप्त हुतात्माओं की चिर शांति हेतु परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई है । तथा हत्यारों को कठोरतम , सजा दिलवाने हेतु प्रादेशिक शासन प्रशासन से मांग की गयी है।

# अच्छी खबर: अगले माह दौड़ सकती है रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन

**पिछले सात माह से रद्द चल रही सिवनी-नैनपुर-छिंदवाड़ा होकर चलने वाली रीवा इतवारी रीवा एक्सप्रेस अगले माह से पटरी पर फिर से दौड़ सकती है। भंडारकुंड-भिमालगोंदी के बीच घाट सेक्शन स्थित ब्रिज नंबर 94 में पिछले साल अगस्त माह में दरार आने के कारण छिंदवाड़ा-इतवारी रेल खण्ड को सस्पेंड कर रेल यातायात बंद कर दिया गया था। तब से 11755/11756 रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस रद्द चल रही है, वहीं गाड़ी संया 11201/11202 नागपुर-शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग छिंदवाड़ा-आमला होकर नागपुर-शहडोल के बीच चलाया जा रहा है।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

रेलवे द्वारा क्षतिग्रस्त ब्रिज को तोडक़र उसके स्थान पर नया ब्रिज लगभग तैयार कर लिया गया है। वर्तमान में नए ब्रिज पर ट्रैक लिंकिंग का काम प्रगतिरत है, वहीं ओएचई का काम शेष रह गया है। रेलवे सूत्रों के अनुसार ट्रैक लिंकिंग का शेष कार्य व ओएचई का कार्य इसी माह पूर्ण कर 31 मार्च को ब्रिज पर इंजन ट्रायल की तैयारी की जा रही है। इसकी पुष्टि मौके पर कार्य कर रहे सूत्र कर रहे हैं, दक्षिण पूर्व मध्य रेल बिलासपुर जोन व दक्षिण पूर्व मध्य रेल के नागपुर डिवीजन के अधिकारी फिलहाल इस संबंध में कुछ कहने से बच रहे हैं। हालांकि ब्रिज का काम पूर्ण होने के बाद जल्द से जल्द छिंदवाड़ा-इतवारी सेक्शन में रेल यातायात प्रारंभ किए जाने की बात जरूर की जा रही है।

## नया रेल ब्रिज बनकर हुआ तैयार, इंजन ट्रायल की हो रही तैयारी



रेलवे द्वारा भंडारकुंड भिमालगोंदी के बीच घाट सेक्शन में क्षतिग्रस्त ब्रिज के स्थान पर बनाया जा रहा 60 मीटर लंबा नया रेल ब्रिज लगभग क पलीट हो गया है। 7 मीटर हाइट वाले इस ब्रिज के दो पियर व 18.3 मीटर लंबाई के तीन रपान है। क्षतिग्रस्त ब्रिज को तोडक़र उसके स्थान पर नया बिज बनाने का काम पिछले साल अक्टूबर माह में निर्माण कंपनी ने प्रारंभ किया था। अक्टूबर से 15 नवंबर तक क्षतिग्रस्त ब्रिज को डिस्मेंटल करने का काम चलता रहा। इसके बाद नया ब्रिज बनाने का काम प्रारंभ हुआ, जो कि लगभग चार माह में ही तैयार कर लिया गया है। ट्रैक लिंकिंग व ओएचई का काम ही शेष रह गया है। रेलवे द्वारा ब्रिज तैयार करने के लिए निर्माण कंपनी को 30 अप्रैल तक का टारगेट दिया गया था, लेकिन रेल अफसरों की लगातार मॉनीटरिंग के बबैच मर्च माह में ही ब्रिज तैयार कर लिया गया है। नए ब्रिज पर इंजन ट्रायल की तैयारी प्रारंभ हो गई है।

रेलवे के विभागीय अधिकारी इसकी रूपरेखा तैयार करने में जुटे हैं। रेल सूत्रों की मानें तो बिलासपुर जोन मु यालय से हेट फाइनल होते ही इंजन ट्रायल किया जाएगा। इसके लिए 31 मार्च को संभावित तिथि बताया जा रहा है। संरक्षा का मामला होने के चलते यह भी कहा जा रहा कि सीआरएस होगा। सीआरएस की परमिशन के बाद रेल यातायात प्रारंभ कर दिया जाएगा। हालांकि स्पष्ट रूप से कोई अभी कुछ कह नहीं पा रहा है। बिलासपुर जोन के सीपीआरओ से संपर्क किए जाने पर उनका कहना था कि इस संबंध में जानकारी लेकर ही वे कुछ कह पाएंगे, वहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेल के लगपुर डिवीजन के सीनियर डीसीएम दिलीप सिंह से प्रयास के बावजूद संपर्क नहीं हो पाया।

इस मामले में रेलवे के विभागों में आपसी तालमेल की कमी दिखाई दे रही है। एक विभाग के सूत्र बता रहे कि ब्रिज लगभग तैयार हो गया है और ब्रिज पर ट्रैक लिंकिंग का कार्य प्रमतिरत है। वहीं केवल ओएचई वर्क यानि की ब्रिज पर इलेक्ट्रिक लाइन डालने का कार्य ही शेष रह गया है। इंजन ट्रायल की तैयारी की जा रही है, जिसके बाद जल्द से जल्द रेल यातायात प्रारंभ कर दिया जाएगा। अप्रैल माह से ही ट्रेनों का संचालन होने लगेगा।

मंगलवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेल के नागपुर डिवीजन ने जनकारी प्रसारित कर बताया कि नागपुर-छिंदवाड़ा लाइन स्थित रेलवे ब्रिज से संबंधी कार्य जारी है। इसके फलस्वरूप वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के भीनालगोंडी भंडारकुंड रेल खंड पर रेल परिचालन स्थगित है। इस रेल खंड पर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

उपरोक्त खंड पर जारी निर्माण कार्य के कारण आगामी 30 मई तक गाड़ी संख्या 11756 रीवा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस एवं 31 मई तक गाड़ी संख्या 11755 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी रीवा-एक्सप्रेस रद रहेगी, अर्थात उपरोक्त दिनों में भी इन गाडियों का परिचालन रद रहेगा।

इसके अलावा 30 मई तक नागपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस व वाया नागपुर आमला-छिंदवाड़ा होकर तथा 31 मई लक शहडोल से प्रस्थान करने वाली गाडी संख्या 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस का छिंदवाड़ा-आमला-नागपुर मार्ग से ही रेल परिचालन जारी रहेगा।

# हत्या के आरोपी पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगर केवलारी में पुरानी पारिवारिक रंजीश के चलते चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपियों को 12 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की गई। प्रार्थिया संध्या जंघेला पति चन्द्रशेखर कुशवाह उम्र 23 साल निवासी रमपुरा हाल निवासी केवलारी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 18/03/2025 के रात्रि करीब 08/00 बजे की बात है परिवार के साथ घर में थी उसी समय मेरी सौतेली मां श्यामा बाई का लडक़ा भीम जंघेला आया और पुराना जमीनी विवाद को लेकर गाली गुप्तार कर प्रार्थिया को चेहरे पर हाथ थप्पड़ व मिट्टी के ढेला फेककर मारा फिर चुल्हे के पास रखा हसिया उठाकर फेंककर मारा इसके बाद प्रार्थिया के पति चन्द्रशेखर को लकड़ी से मारने पर मामा पन्नालाल जंघेला बीच बचाव किया फिर भीम जंघेला अपने घर चला गया प्रार्थी पक्ष डर के कारण घर के पास रहने वाले कृष्णकुमार नंदे के मकान के सामने जाकर खड़े हो गये, करीब 10-15 मिनट बाद भीम जंघेला अपने घर से हाथ में चाकू लेकर अपनी मां श्यामा बाई और बहन रामकुमारी के साथ आया और प्रार्थिया, प्रार्थिया के पति चन्द्रशेखर, मां फूलवती बाई व पन्नालाल जंघेला को मां बहन की गंदी गंदी गालिया देकर मारपीट करने लगे तथा भीम जंघेला ने श्यामा बाई और रामकुमारी की मदद से पन्नालाल जंघेला को पीठ में चाकू मारकर हत्या कर दिया है जिस पर केवलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मामला संज्ञान में लेते हुए प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर द्वारा प्रकरण के आरोपियों भीम उर्फ सुशील जंघेला, श्याम बाई जंघेला, रामकुमारी वर्मा को दस्तयाब कर मेमोरेण्डम लेख किया गया। आरोपी भीम जंघेला के मेमोरेण्डम तस्दीक में आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया, बाद आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड प्राप्त की गई है।

ज्ञातव्य हो की प्रकरण का आरोपी भीम जंयेला पूर्व से ही आपराधिक व खुंखार प्रवृत्ति हैं, इसके पूर्व में भी केवलारी पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गई है।

आरोपियों मे भीम उर्फ सुशील जंघेला पिता तुलसीराम जंघेला उम्र 37 साल, श्याम बाई पति तुलसीराम जंघेला उम्र 56 साल, रामकुमारी वर्मा सभी निवासी लोधी मोहल्ला केवलारी जप्ती सामग्री घटना में प्रयुक्त चाकू, हसिया , एक अधजली लकड़ी।

## मूल्यांकन कार्यों में लापरवाही को लेकर नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य के लिए मूल्यांकनकर्ताओं के रूप में नियुक्त शिक्षकों द्वारा अनुपस्थिति को मूल्यांकन कार्यों में व्यवधान मानते हुए कुल 51 शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जारी नोटिस का जवाब समाधान कारक न होने की स्थिति में संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### लखनादौन: महिला शक्ति पर पुरुष वर्चस्व का प्रहार, विकास की बलि

# भू-माफिया का जाल, महिला शक्ति पर प्रहार, विकास बेहाल

**लखनादौन नगर पंचायत परिषद में विकास कार्यों को लेकर जारी घमासान अब एक नए मोड़ पर आ गया है। यह सिर्फ पार्षद और अध्यक्ष के बीच की लड़ाई नहीं रही, बल्कि महिला शक्ति और पुरुष वर्चस्व के बीच का संघर्ष बन गई है। समाचार लेखक के अनुसार, नगर पंचायत में महिला जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संख्या अधिक होने के बावजूद, पुरुष प्रधान मानसिकता के चलते उनके कार्यों में लगातार बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज लखनादौन।

लखनादौन शहर अतिक्रमण के नागपाश में जकड़ा हुआ है, प्रशासन गहरी निद्रा में लीन है। बस स्टैंड से लेकर मुख्य चौराहों तक अतिक्रमणकारियों का राज है। शहर की सुंदरता धूल में मिल रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद के अधिकारी और अध्यक्ष इस अवैध धंधे को रोकने में असफल रहे हैं। प्रशासन की चुप्पी से जनता में गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

### महिला नेतृत्व पर सवाल: क्या यही है लोकतंत्र

जिला कलेक्टर से लेकर बड़े-बड़े प्रशासनिक और राजनीतिक पदों पर महिलाओं के नेतृत्व में कार्य हो रहे हैं, फिर लखनादौन नगर पंचायत में महिला जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को क्यों उनके कार्य करने से रोका जा रहा है? क्या यह पुरुष प्रधान मानसिकता का द्योतक नहीं है? क्या यही है लोकतंत्र का असली चेहरा?

### विकास कार्यों में बाधा: स्वार्थ या सेवा

पार्षद और पार्षद पतियों का आरोप है कि अध्यक्ष और उनके पुत्र मनमानी कर रहे हैं, ठेकेदारों को काम करने में रुकावट डाली जा रही है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं, अध्यक्ष पक्ष का कहना है कि पार्षद और पार्षद पति बेवजह कार्यों में अड़ंगा डाल रहे हैं और विकास को बाधित कर रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी परेशान किया जा रहा है, सूचना के अधिकार का दुरुपयोग करके दबाव बनाया जा रहा है। कुछ पार्षदों और पार्षद पतियों पर आपराधिक गतिविधियों



और माफिया होने के भी आरोप हैं। भू-माफियाओं के द्वारा अनाप-शनाप कुंठित मानसिकता से रचित षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। सवाल यह उठता है कि जनता द्वारा निर्वाचित इन जनप्रतिनिधियों का अपने कर्तव्यों से मुंह मोडना क्या लोकतंत्र का अपमान नहीं है? क्या राजनीति का उद्देश्य सिर्फ स्वार्थ और लालच की पूर्ति करना रह गया है? जनता अब कब तक इस तमाशे को देखती रहेगी?

### जनता की पीड़ा: कौन सुनेगा इनकी चीख

इस सियासी लड़ाई में सबसे यादा नुकसान आम जनता का हो रहा है। मूलभूत सुविधाओं के लिए भी लोग तरस रहे हैं। नाली, सडक़, पानी और बिजली जैसी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। शहर में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग की समस्या भी बढ़ती जा रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

### भ्रष्टाचार के आरोप: जांच की मांग, कार्रवाई कब

पार्षदों और पार्षद पतियों ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने पूर्व में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की भी जांच की मांग की है। हालांकि, अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### मीडिया की भूमिका: निष्पक्षता पर सवाल

कुछ मीडियाकर्मियों पर भी विरोधी पार्षद पतियों, पार्षदों और भू-माफियाओं के साथ मिले होने का आरोप लगाया गया है। इससे मीडिया की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

### अध्यक्ष पुत्र पर भू-माफिया से संबंध का आरोप: क्या यही है विकास का मॉडल

अध्यक्ष पुत्र और कुछ पार्षद पतियों पर भू-माफियाओं के साथ संबंध होने और अवैध कॉलोनियों का निर्माण करने का आरोप भी है। इससे नगर विकास निकाय की सीमित आय प्रभावित हो रही है और विकास कार्यों में बाधा आ रही है। क्या यही है विकास का मॉडल?

### प्रशासन की चुप्पी: कब जागेगा तंत्र

प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन तो दिया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जनता को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

### जनता की आस: क्या बदलेगी तस्वीर

लखनादौन की जनता अब जनप्रतिनिधियों से विकास की उम्मीद लगाए बैठी है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही आपसी विवाद सुलझेंगे और शहर का विकास पटरी पर लौटेगा। जनता को यह भी उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले में हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। महिला नेतृत्व पर सवाल और पुरुष प्रधान मानसिकता का हावी होना, यह लखनादौन नगर पंचायत के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। यह देखना होगा कि क्या महिला जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस चुनौती का सामना कर पाती हैं और शहर के विकास को नई दिशा दे पाती हैं।

### लखनादौन अहिंसा चौक विवाद: विकास या भू-माफिया का खेल

लखनादौन में राष्ट्रीय ध्वज लगाने को लेकर नगर परिषद और स्थानीय लोगों में टकराव। आरोप-प्रत्यारोप, भू-माफिया और राजनीतिक षड्यंत्र के आरोप। पारदर्शिता का अभाव, कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग। एसडीएम ने काम रुकवाया, जनता में आक्रोश।

### लखनादौन में फर्जी आंदोलन का भंडाफोड़, भू-माफिया का षड्यंत्र विफल

लखनादौन नगर परिषद में फर्जी आंदोलन का खुलासा हुआ, जिसमें पैसों के लालच से महिलाओं को बुलाया गया। भू-माफिया और विपक्षी पार्षदों ने अध्यक्ष और सीएमओ को बदनाम करने की साजिश रची। जनता ने अध्यक्ष और सीएमओ का समर्थन किया।लखनादौन में भ्रष्टाचार का खुलासा, पूर्व अध्यक्ष घेरे में लखनादौन नगर परिषद में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। वर्तमान अध्यक्ष ने पूर्व अध्यक्ष पर अवैध निर्माण और दुकानों की बिक्री का आरोप लगाया है। कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। अब देखना यह है कि जांच में क्या खुलासा होता है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।

### लखनादौन: लोकतंत्र खतरे में, जनता त्रस्त

लखनादौन नगर पंचायत में महिला शक्ति का दमन और भू-माफिया का राज लोकतंत्र के लिए खतरा है। प्रशासन की निष्क्रियता और मीडिया की पक्षपातपूर्ण भूमिका ने स्थिति को और खराब कर दिया है। जनता न्याय की मांग कर रही है और बदलाव की उम्मीद लगाए बैठी है।

# हेड कॉन्स्टेबल की हत्या करने वाला फरार दुर्दांत अपराधी भिण्ड से पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में हेड कॉन्स्टेबल एवं अपने चाचा की हत्या एवं पत्नी की हत्या के प्रयास सहित एक दर्जन मामलों में फरार चल रहे दुर्दांत अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश की भिण्ड जिला पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास, लूट सहित कई मामलों में फरार चल रहे 65 हजार रुपये से अधिक के फरार इनामी बदमाश को पकडऩे में सफलता प्राप्त की है। आरोपी रामनरेश गुर्जर उर्फ सद्दाम द्वारा पिछले वर्ष सिवनी जिले में लूट की घटना के बाद एक हेड कॉन्स्टेबल की हत्या को भी अंजाम दिया गया था। मुखबिर की सूचना पर गोहद थाना क्षेत्र से कई थानों की पुलिस की मदद से कुख्यात आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस मामले में एसपी भिण्ड डॉ असित यादव ने बताया कि भिण्ड जिले के गोहद थाना क्षेत्र के सिरसौद गांव के रहने वाला रामनरेश गुर्जर उर्फ सरदार उर्फ सद्दाम भिण्ड जिले के गोहद थाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हत्या के मामले में फरार चल रहा था। इसके साथ ही भिण्ड सहित आसपास के मुरैना, ग्वालियर एवं दतिया में भी एक दर्जन के लगभग मामले दर्ज हैं। जिनमें 22 मई 2023 को भिण्ड के सिरसौदा गांव में ही अपने चाचा जवान सिंह की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके पहले नवंबर 2022 को ग्वालियर में सद्दाम द्वारा अपनी पत्नी की भी करंट लगाकर हत्या करने की कोशिश की गई थी, जिसमें भी वह फरार चल रहा था। इसी दौरान सद्दाम ने सिवनी मंडला क्षेत्र में अपनी गैंग बनाई और लूट की घटनाओं को अंजाम देने लगा। एक जनवरी 2024 को सिवनी में चोरी की घटना को ट्रेस करने के लिए जबलपुर नागपुर हाईवे पर जब सद्दाम की गाड़ी को रोककर तलाशी लेने की कोशिश की गई तो सद्दाम ने हेड कॉन्स्टेबल राकेश ठाकुर की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। जिसके बाद मंगलवार शाम को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# अनियमितता पाये जाने पर सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक को किया गया निलंबित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि सहायक संचालक पिछडावर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सिवनी छात्रावास नोडल अधिकारी द्वारा विगत दिवस सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सिवनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सिवनी अजीत उप्रेलिया छात्रावास में अनुपस्थित पाये गये, छात्रों के अभिकथनानुसार अधीक्षक ने कभी भी रात्रि विश्राम नही करते है, साथ ही छात्रावास परिसर में कोई भी कर्मचारी उपस्थित नही पाया गया, छात्रवास परिसर में अस्वच्छता पाई गई, टायलेट, वाथरूम, मे गिंदगी गई जो कई दिनो से साफ नही किये गये थे, एवं छात्रों के कमरे के डस्टबिन में एक माह पुराना बदबू वाला कचरा पाया गया, छात्रावास में 8 छात्र उपस्थित थे इनके पास एनराइड मोवाइल पाया गया, एवं छात्रावास के 3 छात्र परिसर के बाहर बीझावाडा रोड पर भ्रमण करते पाये गये, साथ ही भोजन मीनू अनुसार नही बनाया जाना प्रतिवेदित किये जाने के फलस्वरूप श्री अजीत उप्रेलिया अधीक्षक सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सिवनी को कार्यालयीन आदेश क्रमांक / 1266/आ.वि / छात्रावास. / 2025 दिनांक 20.3.2025 के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### पीआईसी की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव हुये पास

# नगरीय क्षेत्र में सड़को, नालियों के होंगे मरम्मत कार्य

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगरपालिका परिषद सिवनी में अध्यक्ष शफीक खान द्वारा पीआईसी की बैठक बुलाई गई, बैठक में निम्न विषयों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया। बैठक में सभापति राजिक अकील, सोहेल पाशा, चंदनसिंह खताबिया, महमूद खान, श्रीमती नेहा पृथ्यानी, राहुल बघेल, प्रभारी अधिकारी संतोष तिवारी, वंदना मरकाम, लेखाधिकारी के के तिवारी, लेखापाल संतोष करोसिया, कार्यालय अधीक्षक हरीश पराते, लिपिक मुकेश चौहान, संतोष यादव, निर्मल अवधिया, मयंक पांण्डे उपस्थित रहें। 1. वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 पुनरीक्षित बजट एवं



आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रावधानित (अनुमानित) बजट अंगीकृत करने सर्वसम्मति से 1934535000 (एक सौ तिरानब्बे करोड़, पैतालीस लाख, पैतीस हजार रू.) पास किया गया, जो कि आगामी परिषद की बैठक में रखा जायेगा। 2. मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना(चतुर्थ चरण) अन्तर्गत विकास कार्यो को कराये जाने हेतु 600 सौ लाख रू. सर्वसम्मति से पास किया गया। 3. एसडीएमएफ योजना अन्तर्गत भगत सिंह वार्ड में नवनिर्मित नाला निर्माण के लिए ठेकेदार को 30 मई 2025 तक का समय सर्वसम्मति से बढ़ाया गया। 4. नगरीय क्षेत्र में स्वस्च्छता व्यवस्था के अन्तर्गत डोर-टू, डोर कलेक्शन, ट्रांसपोटेशन एवं निस्तारण हेतु ठेके में दिये जाने निविदा आमंत्रण की कार्यवाही सर्वसम्मति से पास हुई। 5. वार्षिक निविदा 2025-26 अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र में सड़को, नालियों के मरम्मत कार्य के लिए सर्वसम्मति से पास किया गया।

## जिला स्तरीय रोजगार-स्वरोजगार मेले में 108 युवाओं का प्रारंभिक रूप हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कति जैन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं शासकीय आई टी आई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार 20 मार्च को शासकीय आई टी आई सिवनी जिला सिवनी में युवा संगम कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 08 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 155 आवेदकों नें अपना पंजीयन कर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 108 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त मेलें मे प्रारंभिक रूप से डी के कैरियर प्लेसमेंट द्वारा 15, पुखराज हेल्थ केयर द्वारा 03, एल आई सी सिवनी द्वारा 14, अंबुजा फाउंडेशन द्वारा 15, आमदानी प्रा. लि. द्वारा 11, गोल्डन फार्मिंग द्वारा 15, ट्रेंगों सिक्यूरिटी द्वारा 08 एवं वर्धमान फेब्रिक बुधनी द्वारा 27 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिसमें अप्रेंटिसशिप हेतू आमदानी प्रा. लि. औरंगाबाद द्वारा 11 आवेदकों का चयन किया गया। स्वरोजगार मेले में स्वरोजगार योजना अंतर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 3 स्व-सहायता समूह को 4 लाख 50 हजार की राशि के स्वीकृती पत्र / चैक प्रदान किये गये। इसी तरह स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 4 हितग्राहियों को 6 लाख 10 हजार की राशि के स्वीकृति पत्र / चैक प्रदान किये गये। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनीयों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, काल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपॅरेटर, पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपॅरेटर, तकनीकि सहायक आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूडा सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

### 12 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नोटिस, 23 मार्च के बाद होगी कार्रवाई

## सरकारी आवास खाली करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में शासकीय कॉलोनियों में रह रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आवास खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। एसडीएम गोपाल सोनी ने मध्य प्रदेश लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974 की धारा 4-(1) के तहत 12 लोगों को नोटिस जारी किया है।



वैनगंगा संभाग बालाघाट के कार्यपालन यंत्री की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया गया था। लोकसभा और विधानसभा चुनाव तथा बारिश के कारण पहले कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

एसडीएम ने बताया कि 23 मार्च के बाद टीम गठित कर आवास खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नोटिस प्राप्त करने वालों में संजय सरोवर कॉलोनी के चालक गिरीश व्यास, हेल्पर देवेन्द्रपुरी गोस्वामी और प्रमिला नागेश्वर शामिल हैं। बाघ कॉलोनी से चालक कुंदनराव, फातिमा खान और दिनेश पटेल को नोटिस मिला है।

निरीक्षण गृह खलासी क्वार्टर के खानसामा हनीफ खान, आंवलाझरी भरवेली कॉलोनी के सहायक ग्रेड-3 पूनालाल भंडारी, खलासी सूरजलाल बिसेन, भृत्य नारायण बनवाले और स्थल सहायक संजय श्रीवास्तव को भी आवास खाली करने का नोटिस दिया गया है।

## परसवाड़ा बस स्टैंड की धीमी निर्माण गति से यात्री परेशान

### शौचालय, प्रतीक्षालय नहीं, महिलाओं को ज्यादा दिक्कत; सचिव बोले- 15 दिन में काम पूरा होगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र परसवाड़ा में बस स्टैंड का निर्माण तीन साल से लंबित है। यहां शौचालय और यात्री प्रतीक्षालय की सुविधा नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

परसवाड़ा से बालाघाट, मंडला, लामता और बैहर के लिए बसें चलती हैं। रेल सुविधा न होने के कारण यात्री दूर-दराज से बस सेवा का उपयोग करते हैं। बस स्टैंड में सफाई व्यवस्था का अभाव है। नालियों में कचरा और पानी भरा रहता है। इससे बदबू आती है और मच्छरों की समस्या बनी रहती है। महिला यात्री इंदिरा सिंगारे ने बताया कि शौचालय न होने से विशेषकर महिलाएं ज्यादा परेशान हैं। यहां रुकने की भी कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय दुकानदार राजेश जायसवाल के अनुसार चारों तरफ कचरे का ढेर लगा रहता है।



बस स्टैंड में बसों के ठहरने की उचित व्यवस्था भी नहीं है। इस कारण अकसर जाम की स्थिति बन जाती है। परसवाड़ा पंचायत सचिव महेश मरकाम ने आश्वासन दिया है कि शौचालय में केवल प्लास्टर का काम बाकी है। यात्री प्रतीक्षालय की स्लैब डालने का काम जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि 15 दिनों में सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी।

## टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट की सब जूनियर कबड्डी टीम ने धार जिले के बदनावर में आयोजित 34वी सब जुनियर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 16 से 18 मार्च 2025 तक आयोजित हुई थी। विजेता बनने के पश्चात गुरुवार को टीम के खिलाड़ियों का कलेक्टर श्री मृणाल मीना और जिला खेल अधिकारी द्वारा सम्मान किया गया। कलेक्टर श्री मीना ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। बालाघाट की टीम ने पहले मैच में भोपाल और फिर इंदौर की तीनों टीमों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में विदिशा की कबड्डी टीम को हराकर 34वीं सब जूनियर प्रतियोगिता की विजेता बनीं। विजेता टीम को कमलजीत छाबड़ा के द्वारा 11 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर नव निर्वाचित जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विधायक श्रीमती अनुभा मुजारे एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी टीम को सम्मानित किया।जिला कबड्डी संघ के माध्यम से बच्चों को एक प्लेटफार्म देने और खेल के जगत में बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सभी का मार्गदर्शन खेल को आगे बढ़ाने में बना रहेगा। इस प्रतियोगिता में जिले की टीम ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह जीत न केवल टीम के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।



## इको क्लब आयोजित नेचर केम्प में छात्राओं ने प्रकृति को जाना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। शासकीय कमला नेहरु कन्या महाविद्यालय जिले की इको क्लब इकाई द्वारा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन द्वारा प्रयोजित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत नेचर केम्प का 17 मार्च को सुबह 7 बजे आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 27 छात्राओं ने भाग लिया और वन्य जीव अनुभव क्षेत्र- सोनवानी, लालबर्रा का भ्रमण किया। इस दौरान, छात्राओं ने विभिन्न पौधों जैसे साजा, सागोन, शीशम, बरगद आदि वृक्षों के पारिस्थिकीय महत्व एवं औषधीय वनस्पतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रकृति विज्ञानी एवं जैव विविधता विशेषज्ञ श्री ज्ञान शर्मा द्वारा छात्राओं ने वन्य जीवों जैसे हिरन, चीतल, बारासिंघा, बाघ एवं इस क्षेत्र में पायी जाने वाली पक्षियों तथा तितलियों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में अनेकानेक जानकारियाँ दी गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री हर्षित सक्सेना द्वारा मानव एवं वन्य जीवो के मध्य टकराव के कारणों एवं बचाव के लिए नागरिकों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही उन्होंने वन्य जीवो तथा बाघ आदि के आवास, उनके संरक्षण एवं उनकी की गणना, पारिस्थितिकीय तथा प्राकृतिक संतुलन में वन्य जीवो के महत्व के बारे में बताया। वन रक्षक श्री मत्तम नागपुरे द्वारा वन्य जीव संरक्षण में नागरिकों की भूमिका जैसे वनीकरण,वनों की सुरक्षा तथा वनों को आग से बचाने के उपायों के बारे में छात्राओ को विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को में इको क्लब प्रभारी डॉ. सीमा वासनिक, कार्यक्रम संयोजक विजय तुरकर, सह संयोजक डॉ मनिका चौबे, कार्यालय सहायक श्री महेश शरणागत, वन विभाग के श्री मरावी,वन रक्षक श्री कंगाली द्वारा सहयोग प्रादान किया गया।



### 10 बेडेड आई वार्ड बनाया जाएगा

**बालाघाट**। गुरुवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने ओपीडी के समय पर जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुँचे। अस्पताल निरीक्षण करते हुए उन्होंने विभिन्न विभाग की ओपीडी में डॉक्टरों की उपस्थिति देखीं। साथ ही जो डॉक्टर अनुपस्थित रहें, उनके जानकारी सूचना बोर्ड के माध्यम से ली। उन्होंने आई वार्ड, मेडिसिन, नाक कान व गला सहित अन्य ओपीडी में डॉक्टरर्स की उपस्थिति देखी। इसके पश्चात वे कैंटीन का निरीक्षण किया।

### अपराधी होंगे सलाखों के पीछे जनता की सेवा हमारा कर्तव्य : एसडीओपी शर्मा

## नवागत पुलिस एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा ने संभाल प्रभार

हरिभूमि न्यूज कंटगी।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा विगत दिनों बहुत से पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया है जिसके चलते विगत 5 अप्रैल 2022 से कटंगी में पदस्थ अनुविभागीय पुलिस अधिकारीएसडीओपी माणक मणि कुमावत का प्रदेश की राजधानी भोपाल में तबादला हो चुका है उनके स्थान पर मध्य प्रदेश के डबरा जिले से कटंगी पुलिस एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा हुए हैं विवेक कुमार शर्मा द्वारा 18 मार्च को कटंगी में पुलिस एसडीओपी का प्रभार संभाला गया है जिनके अंतर्गत कटंगी थाना, तिरोडी थाना और महकेपार पुलिस चौकी के अलावा खैरलांजी थाना क्षेत्र का कुछ एरिया भी आता है ज्ञात होगी विवेक कुमार शर्मा 2019 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे वर्तमान में मध्य प्रदेश के डबरा में पुलिस एसडीओपी थे जो अब बालाघाट जिले के कटंगी अनु विभाग के पुलिस एसडीओपी नियुक्त किए गए हैं और उन्होंने अपना प्रभार भी संभाल लिया है प्रभार संभालने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस का काम जनता की सेवा करना है चाहे दिन हो या रात हमारा काम पुलिस की सेवा है किसी भी परिस्थिति में देशभक्ति और जनता की सेवा हमारा कर्तव्य है



पूरे देश में दो बार कोरोना जैसी महामारी आई फिर भी हम अपना कर्तव्य निभाते रहे और सड़क पर अपना परिवार छोड़कर घूमते रहे जनता की सेवा के लिए हमने अपनी जान की और परिवार की चिंता नहीं की कोरोना काल में जहां एक तरफ बहुत से लोग मौत की नींद सो गए वही बहुत से पुलिस के जवान भी इस मौत से दुर नही रहे विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि जो आदमी सलाखों के पीछे होना चाहिए वह सलाखों के पीछे ही रहेगा अपराधी होगा सलाखों के पीछे चाहे वह कोई भी हो न्यायालय आगे जाकर अगर उसे जमानत देता है तो वहां न्यायालय का फैसला है परंतु पुलिस अपराधी को छोड़ेंगे नहीं नगर एवं क्षेत्र में ऐसे बहुत से कमजोर वर्ग होते हैं जो पुलिस की मदद मांगने में डरते हैं थाना आने में डरते हैं कमजोर लोगों को सहायता करना हमारे प्रथम प्राथमिकता नहीं आज के 15 वर्ष पहले एक गरीब मजबूर व्यक्ति थाना आने में डरता था आज समय बदल गया है पुलिस का जनता से बहुत गहरा संबंध हो चुका है पुलिस और जनता के बीच अच्छे संबंध बन रहे कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर निडर होकर थाना पहुंचे यही हमारा प्रयास है जनता के सहयोग से ही अपराध में लगाम लगाई जा सकती है।

### नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय के बाजू में दी ठेले लगाने की जगह

## गॉधी बाल उद्यान के सामने की अनाधिकृत चौपाटी को नगरपालिका ने हटवाया

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

स्थानीय गॉधी बाल उद्यान के सामने अनाधिकृत रुप से खड़े होकर आवागमन एवं बगीचे में स्वास्थ्य लाभ के लिए घूमने के लिए आने वाले नागरिकों को बाधा पहुँचाने वाले खाद्य सामग्री बेचने वालों के ठेलों को गुरुवार की शाम को नगरपालिका परिषद के अमले द्वारा हटाने का कार्य किया गया। नगरपालिका के इस कार्य की नगर में सर्वत्र प्रशंसा की जा रही हैं और नागरिकों ने नगरपालिका प्रशासन से अपेक्षा की हैं कि वह नगर के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमणों को भी हटाने का कार्य करे, जिससे नगर की सुंदरता में चार चॉद लग सके।



**बगीचे के सौन्दर्यीकरण पर नपा कर रही लाखों रुपये खर्चः** विदित हो कि शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी के बगल में स्थित गॉधी बाल उद्यान के सौन्दर्यीकरण में नगरपालिका परिषद द्वारा पिछले कुछ वर्षो में लाखों रुपये खर्च किए गए हैं। वहीं नगर में एकमात्र बगीचा होने के कारण युवक, युवतियॉ, बुजुर्ग, बच्चे सभी अपने मनोरंजन व स्वास्थ्य की सुरक्षा की दृष्टि से घूमने के लिए सुबह और शाम बगीचे में आते हैं।

**नपा व नेताओं की शह पर लगे थे चाट, पकौड़ों के ठेले :** लेकिन पिछले कुछ वर्षो के अंदर नेताओं की शह व नगरपालिका की लापरवाही के चलते पर बगीचे के मुख्य द्वार के ठीक सामने ठेलों की भीड़ लग गई थी। पहले यह ठेले अस्थायी रुप से खड़े रखे जाते थे, लेकिन बाद में धीरे-धीरे इन्होंने स्थायी रुप ले लिया और 24 घंटे यह ठेले यहॉ खड़े रहने लगे। इन ठेलों के मालिकों द्वारा खान-पान की सामग्री का विक्रय किए जाने के कारण धीरे-धीरे इस स्थान ने चौपाटी के रुप ले लिया। जिसके कारण सुबह से शाम तक इस स्थान पर नागरिकों की भीड़ लगने लगी।

**ठेलों से फैल रही थी अव्यवस्था व आवागमन में हो रही थी असुविधाः** गॉधी बाल उद्यान के ठीक सामने से नगर का मुख्य मार्ग वारासिवनी-बालाघाट, दीनदयाल चौक, शासकीय चिकित्सालय, जनपद पंचायत कार्यालय व तहसील कार्यालय होने से यह मार्ग सबसे व्यस्ततम मार्ग हैं। लेकिन ठेलों में खाना-पीना करने के लिए आने वाले नागरिकों के वाहनों के कारण सडक़ मार्ग पर जाम की स्थिति बनने लगी थी और इसके साथ ही बगीचा घूमने के लिए आने वाले बच्चों, बड़ों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस अव्यवस्था को देखते हुए कई बार नागरिकों द्वारा सोशल मीडिया व अखबारों के माध्यम से इन ठेलों को हटाने की मॉग की जा रही, लेकिन किंतु नगरपालिका प्रशासन में बैठे हुए पंगु पदाधिकारियों पर जनता की मॉग का कोई असर नहीं हो रहा था। क्योंकि परिषद में बैठे हुए पदाधिकारियों के हाईकमान ने इस मामले में चुप्पी साधी हुई थी।

**हाईकमान जायसवाल ने किया बुधवार को गॉधी बाल उद्यान व चौपाटी का निरीक्षणः** लेकिन बुधवार को जब हाईकमान पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल द्वारा नगरपालिका लोक निर्माण विभाग सभापति संदीप मिश्रा, सभापति मोनू लिमजे, नगरपालिका उपयंत्री सुमित मोटवानी व नगरपालिका अमले के साथ गॉधी बालउद्यान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। तब उन्हें बड़े बुजुर्गो, युवाओं, बच्चों व आवागमन करने वाले नागरिकों की परेशानी समझ में आई और उन्होंने तत्काल ही सभी ठेलों को गॉधी बाल उद्यान के सामने से अन्यंत्र विस्थापित करने के निर्देश नगरपालिका अमले को दिया।

## सड़क पर उतरकर नेवरगांव में किसानों ने विद्युत आपूर्ति को लेकर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा विकासखंड अंतर्गत नेवरगांव फीडर पॉवर स्टेशन में 13 मार्च से हाई पॉवर ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण फीडर अंतर्गत आने वाले ग्रामीणों एवं किसानों को विगत एक सप्ताह से बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है लगभग 25 ग्रामों में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण खेतों में रबी लगाने वाले किसानों को सिंचाई न होने से फसल के नुकसान होने का भय है साथ ही ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से भी गुजरना पड़ रहा है इसी के साथ विद्यार्थियों की परीक्षाएं भी शुरू है जिन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिससे रोष में आकर किसानों एवं ग्रामीणों ने गुरुवार को नेवरगांव में किसान मोर्चा के साथ मिलकर सड़क पर बैठ धरना देकर तथा सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित कर विरोध प्रदर्शन किया।लगभग ढाई घंटे के चक्का जाम प्रदर्शन के बाद तहसीलदार कन्हैयालाल टेकाम,थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी एवं उनका पुलिस अमला तथा कार्यपालन अभियंता एमपीईबी वारासिवनी बाबूलाल भयना मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के बीच पहुंचे ईई बाबूलाल भयना ने सभी को बताया कि होली के समय ट्रांसफार्मर फेल हो जाने पर हमारे द्वारा मंगलवार को नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया लेकिन उसमें भी टैक्निकल फॉल्ट आ जाने पर वारंटी होने के कारण उसे रिपेयर करवाने के प्रयास किए गए लेकिन फिर भी वह ठीक नहीं हो सका ऐसी दशा में उन्होंने मौके पर उपस्थितसभी ग्रामीणों एवं किसानों को आश्वस्त किया कि कल तक नया 5 एम एम क्षमता का ट्रांसफार्मर बुलवाकर परसों शनिवार तक आप सभी की समस्या का शत प्रतिशत समाधान करने का हमारा प्रयास रहेगा इस दौरान वर्तमान समस्या को देखते हुए बिजली आपूर्ति के लिए बाहर सब स्टेशनों से बिजली सप्लाई लेकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाएगी जिसके बाद सभी लोगों ने अधिकारियों की बातों पर आश्वस्त होकर चक्का जाम हटाकर अपना विरोध प्रदर्शन बंद किया।इस प्रदर्शन के दौरान जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, किसान मोर्चा से धनेन्द्र गौतम, ठानेंद्र ठाकरे, अज्जू भैरम, सरपंच बलेश राहंगडाले, व्यंकट राहंगडाले, धन्नालाल कावरे, संतोष पंचेश्वर,विनोद ठाकरे,धनेन्द्र राणा एवं अन्य क्षेत्रीय ग्रामीण एवं किसान सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।



### ईवीएम गोडाउन का कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के साथ किया निरीक्षण



**बालाघाट**। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मृणाल मीना ने गुरुवार शाम को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम गोडाउन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम मशीनों की सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड व बिजली आदि की व्यवस्थाएं देखी। निरीक्षण में एडीएम व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीएस धुर्वे व राजनीतिक दलों में कांग्रेस के केवल सिंह झरिया व भाजपा के संजय खंडेलवाल मौजूद रहें।

## विधायक भगत के प्रश्न बदलने से सदन में मचा हंगामा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने विधानसभा सदन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री से ऑनलाइन क्रमांक 36543 के अंतर्गत पूछा था कि केन्द्र सरकार ने मध्यप्रदेश को 2017 से लेकर 2021 तक कितना सड़कों के उन्नयन की मंजूरी दी ? वहीं इस अवधि में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कितनी सड़कों का उन्नयन किया गया। क्या कैग ने अपनी रिपोर्ट में इन सड़कों के उन्नयन के लिये की गई डामर खरीदी में 414.94 करोड की धोखाधडी होने, एक चालान कई बार लगाने और ठेकेदार द्वारा सरकारी रिफाईनरों के फर्जी चालान पेश करके भ्रष्टाचार का उल्लेख किया है।

विधायक भगत के सवाल पर पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मध्यप्रदेश की जानकारी न देते हुए परसवाड़ा भर की जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा कि 2017 से लेकर 2021 तक 10 सडकों के उन्नयन की मंजूरी दी गई थी। उपरोक्त अवधि में प्रधानमंत्री सडक योजना के तहत 10 सडकों का उन्नयन कार्य पूर्ण किया गया है। कैग की रिपोर्ट के परिपेक्ष्य में ईकाईयों के महाप्रबंधक एवं परिक्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र क्रमांक 681 दि. 17/1/2025 द्वारा प्रेषित कर विस्तृत जवाब मय दस्तावेज के प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। प्राप्त जवाब के तहत संकलित जवाब किया जाकर कि एसी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।



विधायक भगत द्वारा पंचायत मंत्री के इस जवाब पर घोर आपत्ति व्यक्त की गई उनका कहना था कि मैंने मध्यप्रदेश की जानकारी मांगी थी और आपने केवल परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जानकारी दी है जो पूर्णतः अन्यायपूर्ण है। इस संबंध में उन्होंने ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के समक्ष भी अपनी आपत्ति दर्ज कराई तो उनका कहना था कि कभी-कभी ऐसा हो जाता है। इस मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विधायक भगत का कहना है कि अगर विधानसभा सदन के भीतर इस प्रकार भेदभाव पक्षपात होगें तो कैसे जनता की समस्या का समाधान होगा।

## जाम में मनाया गया रानी अवंतीबाई का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत जाम के बाजार चौक में वीरांगना रानी अवंती बाई प्रतिमा स्थल में 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम लोधी समाज के वरिष्ठजन व ग्रामीणजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जीवन गाथाओं को याद किया।चर्चा में अशोक नागपुरे ने बताया कि वीरांगना अवंतीबाई का व्यक्तिगत जीवन जितना पवित्र, संघर्षशील तथा निष्कलंक था, उनकी मृत्यु (बलिदान) भी उतनी ही वीरोचित थी, धन्य है वह वीरांगना जिसने एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर 1857 के भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में 20 मार्च 1858 को अपने प्राणों की आहुति दे दी। ऐसी वीरांगना का देश की सभी नारियों और पुरुषों को अनुकरण करना चाहिए और उनसे सीख लेकर नारियों को विपरीत परिस्थितियों में जज्बे के साथ खड़ा रहना चाहिए और जरूरत पड़े तो अपनी आत्मरक्षा अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिएगोंडवाने की रानी दुर्गावती और झाँसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई के चरण चिन्हों का अनुकरण करते हुए रामगढ़ (जनपद मंडला मध्य प्रदेश) की रानी वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी ने सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजो से खुलकर लोहावीरांगना का रूप भी धारण करना चाहिए। देवराज ठकरेले ने बताया कि भारत में पुरुषों के साथ आर्य ललनाओं ने भी देश, राज्य और धर्म,संस्कृति की रक्षा पर अपने प्राणों की के लिए आवश्यकता पड़ने बाजी लगाई है।लिया था और अंत में भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन की आहुति दे दी थी। श्री डीके लिल्हारे ने बताया कि वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को मनकेहणी के जमींदार राव जुझार सिंह के यहां हुआ था। 20 मार्च 1858 को इस वीरांगना ने रानी दुर्गावती का अनुकरण करते हुए युद्ध लड़ते हुए देश के लिए बलिदान दे दिया ऐसे महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलकर समाज व देश हित में काम करना चाहिए सभी को एकजुट होकर। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जाम सरपंच सुरेंद्र बलोने, देवराज ठकरेले, सत्यनारायण श्रीवास कोमल शाकुरे दिनेश शाकुरे दीनू तिवारी लालचंद नगपुरे, हितेंद्र दमाहे, राजीव लिल्हारे, सौर समाज जाम अध्यक्ष गणपत तरवारे सचिव दिलीप मेश्राम चरण लिल्हारे अध्यक्ष लोधी समाज जाम, उम्मेद नगपुरे महेश बालोने , कोल्हुराम लिल्हारे,लाखन मुंजारे,पितम मुंजारे, मनोहर धामडे, अंजीलाल नगपुरे, संतोष लिल्हारे,धर्म नगपुरे, मोहनलाल दमाहे,कारे सर, संतोष नगपुरे, गणेश दमाहे, शंकर लाल लिल्हारे,सचिन नगपुरे,, जेठुलाल नगपुरे, ओमकार पटले,, दिनेश चौधरी।, ,शिव नगपुरे, , राकेश धामडे, प्रदीप लिल्हारे, गौरव लिल्हारे, हिमांशु नगपुरे देवांशु नगपुरे, अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### महाविद्यालय में मनाया जनजातीय गौरव दिवस

**बालाघाट**। मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में गुरुवार को डॉ. निधि ठाकुर प्राचार्य की अध्यक्षता में एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में समाजशास्त्र विभाग द्वारा जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर द्वारा जनजातीय नायकों का स्वाधीनता संग्राम में दिये गये अमूल्य योगदान के बारे में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री थानसिंह, विभाग-संगठन मंत्री वनवासी कल्याण आश्रम ने जनजातीय वर्ग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गौरवपूर्ण इतिहास से परिचय करवाया।